J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 19.07.2019**

**AMAR UJALA**

# विद्यार्थियों को ध्यान प्रबंधन के फायदे बताए



फरीदाबाद में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम।

**अमर उजाला ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय में स्नातक कोर्स में दाखिले ले चुके प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन ध्यान प्रबंधन के लाभ बताए गए। आर्ट ऑफ लिविंग के फरीदाबाद चैप्टर की कार्यकर्ता और लेखिका मोहिनी ने 'ध्यान के लाभ' विषय पर विशेष टिप्स दिए। कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थी कल्याण प्रकोष्ठ के विभिन्न विभागों के सहयोग से किया जा रहा है।

कार्यक्रम का आयोजन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया जा रहा है। मोहिनी ने तनाव मुक्त जीवन जीने के तौर-तरीकों और ध्यान तकनीकों की जानकारी दी। दूसरे सत्र को बाल्टीमोर काउंटी के मैरीलैंड विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपा मदान ने संबोधित किया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 19.07.2019**

## HINDUSTAN

# इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर चर्चा



फरीदाबाद जेसी बोस यूनिवर्सिटी में इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को आयोजित ध्यान सत्र में छात्रों ने हिस्सा लिया • हिन्दुस्तान

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए में सॉफ्टवेयर की मदद से प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) की डिजाइनिंग इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल सर्किट पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग-डेटा एनालिटिक्स और कृतिम इंटेलिजेंस पर चर्चा हुई।इसका शुभारंभ गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस मौके पर सीईईआरआई, पिलानी के पूर्व निदेशक, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. शमीम अहमद ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डॉ. पूनम सिंघला, डॉ. नीलम तुर्क ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को पौधा भेंट किया। इस मौके पर संकाय के डीन डॉ. तिलक राज भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 19.07.2019**

**PUNJAB KESARI**

# इंजीनियर दे सकते हैं समाधान में योगदानः दिनेश



*कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और ध्यान सत्र में हिस्सा लेते हुए विद्यार्थी। (छायाः एस शर्मा)*

**पीसीबी डिजाइन व फेब्रिकेशन पर एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन**

फरीदाबाद, 18 जुलाई (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा साफ्टवेयर की मदद से प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) की डिजाइनिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल सर्किट की जांच को लेकर कार्य अनुभव प्रदान करने के लिए पीसीबी डिजाइन व फेब्रिकेशन पर एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का संचालन संयुक्त रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यशाला टीईक्यूआईपी-3 परियोजना के तहत आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का शुभारंभ आज कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया तथा अपने संबोधन में कहा कि इंजीनियर्स और तकनीकीविद् समाज में विभिन्न समस्याओं का समाधान करने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते है। मौजूदा समस्याओं के समाधान खोजने और ऐसे समाधान के लिए अनुसंधान द्वारा सीखने के महत्व पर बल देते हुए कुलपति ने विद्यार्थियों को बहु-विषयक अनुप्रयोगों को जानकारी लेने तथा रोबोटिक्स, इंटरनेट आफ थिंग्स, बिग-डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों को सीखने पर ध्यान केन्द्रित करने का आह्वान किया।

कार्यशाला को सीईईआरआई, पिलानी के पूर्व निदेशक तथा जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. शमीम अहमद ने भी संबोधित किया। डॉ अहमद इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में अनुबंधक संकाय के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है।इससे पूर्व, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीलम तुर्क ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को पौधा भेंट किया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग व तकनीकी संकाय के डीन डॉ. तिलक राज तथा कुलसचिव डॉ. राज कुमार भी उपस्थित थे। कार्यशाला का समन्वयन सुश्री शकुंतला, सहायक प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग द्वारा किया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 19.07.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# पीसीबी डिजाइन और फेब्रिकेशन पर एक सप्ताह की कार्यशाला आयोजित

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने साफ्टवेयर की मदद से प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) की डिजाइनिंग तथा इलेक्ट्रानिक्स और इलेक्ट्रिकल सर्किट की जांच को लेकर कार्य अनुभव प्रदान करने के लिए पीसीबी डिजाइन व फेब्रिकेशन पर एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया है। इसका शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इंजीनियर्स और तकनीकीविद समाज में विभिन्न समस्याओं का समाधान करने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। मौजूदा समस्याओं के समाधान खोजने और ऐसे समाधान के लिए अनुसंधान द्वारा सीखने के महत्व पर बल देते हुए कुलपति ने विद्यार्थियों को बहु-विषयक अनुप्रयोगों को जानकारी लेने तथा रोबोटिक्स, इंटरनेट आफ थिंग्स, बिग-डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों को सीखने का आह्वान किया।

**NEWS CLIPPING: 19.07.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# नए अंडर ग्रेजुएट विद्यार्थियों ने इंडक्शन कार्यक्रम में जाने ध्यान प्रबंधन के लाभ

## आर्ट आफ लिविंग कार्यकर्ता मोहिनी ने 'ध्यान के लाभ' विषय पर व्याख्यान दिया

**भास्कर न्यूज** | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से नए अंडर ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन आर्ट आफ लिविंग चैप्टर की कार्यकर्ता मोहिनी ने 'ध्यान के लाभ' विषय पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान में उन्होंने तनावमुक्त जीवन जीने के तौर-तरीकों के बारे में बताया तथा विभिन्न ध्यान तकनीकों की जानकारी दी। दूसरे सत्र को बाल्टीमोर काउंटी के मैरीलैंड विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. दीपा मदान ने संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ विदेश में पढ़ाई करने के अपने अनुभव साझा किए तथा विदेशों में उच्चतर अध्ययन के लिए तैयारी को लेकर कुछ बुनियादी मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अमेरिका और यूरोप के प्रमुख विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए आवश्यक विशिष्ट मानदंडों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस के जीवन एवं कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। जिसे विद्यार्थियों द्वारा काफी पसंद किया गया। इस दौरान डा. एमपी सिंह ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।